आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–30 मई 2026 सान्ध्य समाचार

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लखनऊ में उन्नीस करोड़ रूपये की लागत से निर्मित नौसेना शौर्य संग्रहालय के दूसरे चरण नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि यह वाटिका कोई साधारण पार्क नहीं बल्कि सभी के लिए प्रेरणा स्थल है।

आने वाले समय में नौसेना शौर्य वाटिका लखनऊ के लिए एक प्रेरणा स्थल तो बनेगा ही, बल्कि एक टूरिस्ट हब के रूप में यह बनेगा और यह लखनऊ की पहचान बनेगा, यह मेरा पक्का विश्वास है। ये सारी चीजें, मैं मानता हूँ, बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश की तस्वीर हैं, जो हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

रक्षामंत्री ने उत्तर प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था, विकास और निवेश की सराहना करते हुए इसका श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों का आह्वान किया कि वे सैनिकों को सदैव सम्मान दें। मुख्यमंत्री ने कहा –

जब भारत का सैनिक माइनस डिग्री टेम्परेचर में देश की सीमाओं की रक्षा करता है या रेगिस्तान में झुलसती हुई उस गर्मी में भारत की सीमा की रक्षा करता है या समुद्र की उन लहरों का मुकाबला करते हुए भारत की समुद्री सीमा की रक्षा करता है, तब 140 करोड़ भारतवासी चौन की नींद सोता है।

नौसेना शौर्य वाटिका के लोकार्पण समारोह को दोनों उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश के.त्रिपाठी, प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह राज्यसभा सांसद डाक्टर दिनेश शर्मा, बृजलाल और लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और नौसेना के अधिकारी मौजूद रहे। लखनऊ की सीजी सिटी में विकसित की गई नौसेना शौर्य वाटिका में स्थापित रिटायर्ड युद्धपोत आईएनएस गोमती पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण है। साथ ही यहां प्रदर्शित सभी हथियार वास्तविक हैं।

****

सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में बाधा को देखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को तीस दिन का एलपीजी भंडार संरक्षित करने का निर्देश दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया है कि सरकार रणनीतिक भंडारों के माध्यम से ईंधन सुरक्षा मजबूत करने और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। उधर, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने बताया है कि दो लाख सत्तर हजार मीट्रिक टन कच्चे तेल के साथ वाणिज्यिक पोत निसोस केरोस होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल गया है।

****

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कल दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे तक और दूसरी पाली दोपहर बाद दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी। परीक्षा के लिये प्रदेश के बहत्तर जिलों में एक हजार ग्यारह केन्द्र बनाये गये हैं, जहां करीब साढ़े चार लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा और निगरानी के विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन करने वाले बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय के अनुसार परीक्षा को पूरी शुचिता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिये हाईटेक कमाण्ड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

****

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। वर्ष अट्ठारह सौ छब्बीस में आज ही के दिन ही हिंदी भाषा का पहला समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड प्रकाशित हुआ था। एक रिपोर्ट–

दौ सौ वर्ष पूर्व जब जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था तब हिंदी में समाचार पत्र निकालना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं था। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने कोलकाता के बड़ा बाजार इलाके में उदन्त मार्तण्ड समचार पत्र के माध्यम से हिन्दी पत्रकारिता की नीव रखी। उदन्त मार्तण्ड से शुरू हुआ पत्रकारिता यह सफर आगे चलकर स्वतंत्रता आंदोलन का महत्वपूर्ण औजार बना। बदलाव के दौर से गुजरती हुई हिन्दी पत्रकारिता समाचार पत्रों के साथ ही रेडियो, टेलीविजन, डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए जनमानस के बीच मजबूत पहचान बना चुकी है। समाचार कक्ष से रितेश।

हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में पत्रकार संगठनों की तरफ से गोष्ठियों का आयोजन कर पत्रकारिता के इतिहास वर्तमान और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गयी।

****

प्रदेश में बीते दो दिनों के दौरान तेज हवाओं के चलने और बारिश होने से तापमान में दस डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गयी है। आज भी कई जिलों में बादल छाए रहे। कुछ जिलों में हल्की बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में कल तेज हवाओं के बीच बारिश होने का अलर्ट जारी किया।

****